प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न परिस्थितियों पर सरकार लगातार नज़र रख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पैट्रोल, डीज़ल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हमारी रिफाइनरी कैपेसिटी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रश्नकाल

राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न कार्यालयों में वर्षों से पड़े कबाड़ को नष्ट करने के लिए जल्द नई स्क्रैप पॉलिसी लाएगी। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक केवल सिंह पठानिया के सवाल के जवाब में हस्ताक्षेप करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमण्डल की आगामी बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा कर नीतिगत फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कबाड के निस्तारण के लिए सभी के लिए एक समान नियम बनाए जाएंगे ताकि सारा स्क्रैप डिस्पोज किया जा सके। इससे पहले मूल प्रश्न का जवाब देते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि स्क्रैप सभी विभागों का मामला है और इसे लेकर नीति बनाई जाएगी ताकि पर्यावरण को भी नुकसान न हो। विधायक सुधीर शर्मा के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने आंकडे पेश करते हुए कहा कि पिछली सरकार के मुकाबले वर्तमान सरकार ने विज्ञापनों पर आधा खर्च किया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने अपने तीन साल के कार्यालय में विभिन्न विभागों, निगमों व बोर्डों में 31 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न प्रकार के विज्ञापनों पर कुल 22 करोड 87 लाख रूपए से अधिक की धनराशि खर्च की है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने तीन साल में 28 करोड रूपए खर्च किए थे।

विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर्यटन सीजन में जहां पर ट्रेफिक जाम की समस्या होगी वहां पर पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। विधायक बलबीर सिंह वर्मा और विधायक रणधीर शर्मा के सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के एक हज़ार 2 सौ 27 करोड रूपए केंद्र के पास लंबित है। उन्होंने कहा कि मिशन का यह पैसा केंद्र से जारी करवाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। अग्निहोत्री ने कहा कि विपक्ष भी मिशन का पैसा जल्दी लाने में मदद करे और पैसा जारी होने पर मिशन के रूके कामों को पूरा किया जाएगा। विधायक अनुराधा राणा के सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार जनजातीय भवन के रखरखाव के लिए उचित बजट देगी और उन्हें बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि कुल्लू में जनजातीय भवनों की दशा में जल्द सुधार किया जाएगा।

नड्डा–टीबी दिवस

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर नागरिकों से टीबी उन्मूलन और सभी के, विशेषकर सबसे अधिक जोखिम वाले लोगों के, बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति की है। इससे रोकथाम, पहचान और उपचार के प्रयासों को मजबूती मिली है। नड्डा ने कहा कि यह टीबी मुक्त भविष्य के प्रति देश की साझा प्रतिबद्धता और विश्वास को दर्शाता है। स्वास्थ्यकर्मियों की अथक सेवा और करुणापूर्ण देखभाल के लिए आभार व्यक्त करते हुए जे. पी़ नड्डा ने नागरिकों से टीबी मुक्त भारत और एक स्वस्थ, मजबूत राष्ट्र की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

जयराम भेंट

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश के हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सार्थक चर्चा की। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री का सरल व्यक्तित्व, दृढ़ नेतृत्व व राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

कांगड़ा चाय

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कांगड़ा चाय का निर्यात प्रभावित हो रहा है। धर्मशाला स्थित चाय उद्योग के सीनियर मैनेजर देवेन्द्र पठानिया ने बताया कि ईरान कांगड़ा चाय का सबसे बड़ा खरीददार है और युद्ध की वजह से इस पर काफी असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया के संघर्ष ने प्रदेश के चाय बागवानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं।